## खबर संक्षेप

### कई धार्मिक आयोजनों में शामिल हुए सांसद

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू सोमवार को जिले भर में आयोजित कई धार्मिक आयोजनों में शामिल होने पहुंचे। उन्होंने छिन्दवाड़ा में कालीमठ कुम्हारी मोहल्ला, ग्राम सिहोरा मड़का में एवं गाजनदेव मंदिर ग्राम झिरना में आयोजित श्रीमद भागवत कथाओं में पहुंचकर व्यासपीठ पर माथा टेका और जिलेवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की।सांसद श्री साहू ने छिन्दवाड़ा स्थित गुरूद्वारे में भी पाठ एवं लंगर के कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

सांसद श्री साहू ने कालीमठ कुम्हारी मोहल्ला में चल रही श्रीमद भागवत कथा में पहुंचकर भगवताचार्य अंकुश कृष्ण महाराज का आर्शीर्वाद लिया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती शांति बाई गुप्ता, संतोष गुप्ता, सत्तू गुप्ता, रक्कू गुप्ता, जित्तू गुप्ता एवं यश गुप्ता सहित समस्त गुप्ता परिवार प्रमुख रूप से उपस्थित था। छिन्दवाड़ा स्थित गुरूद्वारे में यशपाल सिंह एवं अजित सिंह के द्वारा किये जा रहे पाठ एवं लंगर के कार्यक्रम में पहुंचे सांसद श्री साहू ने गुरूद्वारे में माथा टेका एवं प्रसाद ग्रहण किया।

### हनुमान जन्मोत्सव को लेकर आज होगी बैठक

**छिन्दवाड़ा:-** पावन सिमरिया धाम में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। विशेष पूजन पाठ के साथ ही गदा यात्रा निकाली जाएगी। सम्पूर्ण आयोजनों की तैयारियों को अंतिम रूप देने आज दिनांक 25 मार्च 2025 दिन मंगलवार को शिकारपुर कमलकुंज में बैठक का आयोजन किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार हनुमान जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाने हेतु लगातार तैयारियां की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सिद्ध सिमरिया धाम में प्रातः काल से पूजन अर्चना का क्रम जारी होगा जो देर रात तक निरंतर जारी रहेगा। स्थानीय दशहरा मैदान से विशाल गदा यात्रा निकाली जावेगी जो नागपुर-छिन्दवाड़ा नेशनल हाईवे से होते हुए ईएलसी चौक, नागपुर नाका, अतिम ठेंगे द्वार, चंदनगांव, सर्रा, ईमलीखेड़ा, लिंगा सरोरा, हेटी से होते हुए सिमरिया धाम पहुंचेगी, जहां गदा यात्रा पूर्ण होगी।

### जनता सूचना दे तत्काल होगी कार्रवाई - एएसपी सोनी

# आईपीएल शुरू होते ही सट्टेबाज हुए सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर




नगर इन दिनों इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को लेकर सटोरी सक्रिय हो गए हैं। खासतौर पर सटोरियों के द्वारा इस व्यवसाय में अपनी और आकर्षित करने के लिए युवाओं को निशाना बनाया जा रहा है,और धीरे-धीरे युवा भी इन सटोरियों के गिरफ्त में क्रिकेट के नाम पर फसते जा रहे हैं,आईपीएल को लेकर सबसे बड़ी भूमिका इन दोनों मोबाइल निभा रहा है।

मोबाइल के माध्यम से घर बैठे बैठे ही हजारों लाखों का दावा क्रिकेट की बाल और विकेट पर लग रहा है। कहां जा रहा है कि आईपीएल की इस सट्टे में बड़े पैमाने पर सौसर,पीपला ना वार, लोधीखेड़ा, रामाकोना, सटोरी और खाईवाल भाग लेकर हर दिन लाखों के वारे नारे कर रहे हैं। नगर के बस स्टैंड,मोहगाव चोक,वार्ड नं 7, नागपुर मार्ग, रेमंड चोक पर आसानी से आईपीएल के खिलाड़ियों को देखा जा सकता है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सौसर क्षेत्र में महाराष्ट्र के किलोद से सौसर में पुराने आईपीएल के सटोरियों के माध्यम बड़ा खेला खेला जा रहा है। किलोद से सौसर क्षेत्र में संचालित हो रहे आईपीएल सैट को लेकर पूर्व में भी कई बार पुलिस प्रशासन को कार्रवाई के लिए विभिन्न संगठनों के द्वारा शिकायतें की गई है, हाल ही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी ने एक प्रेस वार्ता में बताया आईपीएल के दौरान सट्टेबाजी की शिकायतें बढ़ जाती हैं, इसलिए विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए गए है, पुलिस टीम पूरी तरह सक्रिय है ,और सभी संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

मुखबिर तंत्र को भी मजबूत किया गया है, ताकि सटोरियों को रंगे हाथों पकड़ा जा सके। पुलिस प्रशासन ने जनता से भी अपील की है कि यदि कहीं सट्टेबाजी की सूचना मिले तो तुरंत जानकारी दें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

### कलेक्टर ने ली समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक

## सीएम हेल्पलाइन में गत माह रैंकिंग नीचे आने पर जताई कड़ी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

छिंदवाड़ा जिला सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में हमेशा प्रदेश के टॉप जिलों में शामिल रहा है। गत माह जिले की रैंकिंग कम हुई है, आगे यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमें हमेशा और बेहतर करने का प्रयास करना है। सी और डी ग्रेड में रहे सभी सीएम हेल्पलाइन अधिकारियों को इस बार कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा और अगले माह भी रैंकिंग में सुधार न होने पर कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा के प्रकरणों की समीक्षा बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने रैंकिंग कम होने पर कड़ी नाराजगी जताई है और स्थिति सुधारने की सख्त हिदायत दी है।

बैठक में सीपी ग्राम, सीएम हाउस, सीएम कार्यालय, जनसुनवाई और न्यायालय के लंबित प्रकरणों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। लंबित सभी सीएम हाउस और सीएम कार्यालय के पत्रों का जवाब एक सप्ताह के अंदर भेजने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण लगभग 50 प्रतिशत होने पर भी नाराजगी जताई और एक सप्ताह में स्थिति सुधारने के निर्देश दिए हैं। किसी भी विभाग के जनसुनवाई आवेदनों के निराकरण का प्रतिशत 50 से कम होने पर स्पष्टीकरण लिया जाएगा। कुछ विभागों द्वारा जनसुनवाई आवेदनों का 80 से 100 प्रतिशत तक निराकरण भी पाया गया।

### ई-ऑफिस प्रणाली को लेकर दिया प्रशिक्षण

राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री सिंह के मार्गदर्शन में जिले में सभी विभागों में 01 अप्रैल से ई-ऑफिस प्रणाली लागू कर दी जाएगी। इसके लिए टीएल बैठक के दौरान ही सभी अधिकारियों को एन.आई.सी. द्वारा प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को प्रोत्साहित करने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 01 अप्रैल से ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करने पर ही अधिकारियों को अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। इसीलिए स्वयं भी प्रशिक्षण ठीक तरह से प्राप्त करें और अपने अधीनस्थों को भी निर्धारित तिथियों में प्रशिक्षण के लिए भेजें। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली में कार्य करना ऑफलाइन मोड में कार्य करने से ज्यादा आसान है। नई व्यवस्था से घबराएं नहीं, जो मोबाइल चला लेते हैं, ई-ऑफिस प्रणाली आसानी से सीख सकते हैं। सभी कमर्चारियों और अधिकारियों को विस्तृत प्रशिक्षण कल से विभागवार निर्धारित अलग-अलग तिथियों में जिला ई दक्ष केंद्र में दिया जाएगा।

## शिक्षक नगर स्कूल पहुंची राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल की टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शिक्षक नगर स्कूल पहुंची भोपाल की टीम शाला की साज-सज्जा एवं बच्चों का शैक्षणिक स्तर देखकर अति प्रसन्न हुए प्रशिक्षण प्रभारी राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल आज दिनांक 24/ 3/2025 को शासकीय प्राथमिक शाला शिक्षक नगर विकासखंड व जिला छिंदवाड़ा का राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल से पहुंचे ईसीसीई प्रशिक्षण प्रभारी श्री अश्वनी त्रिपाठी द्वारा निरीक्षण किया गया । शाला की साज-सज्जा एवं विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर देखकर अति प्रसन्नता व्यक्त की गई।कक्षा 1 से 5 के बच्चे हिंदी,अंग्रेजी बोल रहे एवं पढ़ रहे।साथ ही संख्या ज्ञान का स्तर भी बहुत अच्छा है शाला में किए जा रहे प्रयासों और नवाचारों की सराहना की गई ।इस दौरान जिला शिक्षा केंद्र से ए पी सी श्रीमती अनुराधा श्रीवास्तव ,बीआरसी श्री अजय केकतपुरे डाइट छिंदवाड़ा से श्रीमती सुनीता रानीअग्रवाल श्रीमती दुबे मैडम एवं जन शिक्षक श्री रामभगत चौरिया ,श्री रामराव आवारे सहित संस्था से प्रभारी प्रधानपाठिका श्रीमती श्वेता शर्मा एवं शिक्षक श्री परेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में पालक गण एवं बच्चे उपस्थित रहे है ।

## विश्व क्षय रोग दिवस सौंसर अस्पताल में हुआ आयोजन



**सौंसर।** सोमवार को सिविल अस्पताल सौसर में विश्व टी.बी. रोग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बीएमओ डॉ योगेश शुक्ला प्रमुखता से उपस्थित थे। आयोजन के दौरानटी बी. रोग निर्मूलन एवं उपचार संबंधी जानकारी दी साथ ही टी.बी. मरीज को फूड बास्केट प्रदान किया गया। सभी चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारीयों को टी.बी. रोग से बचाव हेतु सभी को शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर डॉ. धर्मराज देशमुख डॉ. विधा आल्लोनकर रवीप्रसाद तुमराम बी ई.ई, नवनीत बोरकर, श्रीराम अहिरवार बीसीएम, संतोष पाटील, सुरेखा सोमकुंवर,सचिन बागड़े सुंदर धुर्व मेढन, कविता गावडे, नर्सिंग आकीसर प्रवीण बावनकर, सुद्धा आगरकर आदि उपस्थित थे। बीईई रवि तुमडांम ने बताया कि शासन से मिले दिशा निर्देशों के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से निरंतर टीवी के बचाव एवं टीवी के लक्षणों को लेकर क्षेत्र में प्रचार प्रसार करते हुए कार्य किया जा रहा है।

### सर्कुलर इलेवन ने 35 रनों से जीता मैच

**छिंदवाड़ा।** सांसद विवेक बंटी साहू की प्रेरणा से इंदिरा गांधी क्रिकेट मैदान में सांसद कप क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को 2 मैच खेले गए। टूर्नामेंट के सचिव संदीप मालवीय ने बताया कि पहला मैच सर्कुलर इलेवन क्लब व यंग बॉयज क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया । पहले बल्लेबाजी करते सर्कुलर इलेवन क्लब छिंदवाड़ा ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 159 रन बनाएं। जिसमें 69 रन आर्यन शर्मा व 19 रन वेंदान्त भोयर ने बनाये।

## ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आयोजित की इफ्तार पार्टी

**सिंगोड़ी:** सिंगोड़ी ब्लाक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की इफ्तार पार्टी में सामिल हुए अमरवाड़ा विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी धीरन शाह इनवाती, सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रोजादारो के साथ किया रोजा इफ्तार। इस दौरान धीरन शाह ने उपस्थितो को संबोधित करते हुए कहा कि रोजा इंसान के जीवन को बदल देता है जहा आप रोजा नमाज और विशेष इबादत करते हुए अपने रब बंदगी कर रहे हो तो वही भूख और प्यास को महसूस करते हुए उस गरीब इंसान की पीड़ा को करीब से देखते है जिन्हे किन्ही कारणों से खाना पानी मिलना आसान नहीं होता। इसी तरह रोजा को लेकर हमारे दिलो में भी यह भावनाएं जागृत होती है की भूख और प्यास से पड़ोसी रिश्तेदार दोस्त मुसाफिर परेशान ना हो जिनके लिए हम सभी को हर प्रकार के सहयोग के लिए आगे होना चाहिए ।



इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष पटेल, कार्यकारिणी अध्यक्ष आसिफ भाई गुड्डू, विनोद सिंगोरे, नावेद भाई, प्रदीप नेमा,बसीम अंसारी , जफर पटेल, मारिफ बाबा, इलमन मिस्किनी, अनीस अंसारी, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता सामिल थे।

## अवैध खनिज परिवहन करते पाए जाने पर दो ट्रैक्टर वाहन जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह एवं एसडीएम परासिया पुष्पेंद्र निगम के निर्देशानुसार तथा प्रभारी खनि अधिकारी रविन्द्र परमार के मार्गदर्शन में जिला छिंदवाड़ा के परासिया अनुभाग के अंतर्गत खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण की रोकथाम के लिये पुलिस, राजस्व एवं खनिज विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा आज तहसील परासिया एवं उमरेठ के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। क्षेत्र निरीक्षण के दौरान परासिया तहसील के अंतर्गत चौकी बड़कुही थाना चांदामेटा के अंतर्गत इकलहरा कोयला खदान की ओर से एक ट्रैक्टर क्रमांक MP28 AC9843 मय ट्रॉली में अवैध रूप से खनिज कोयला का परिवहन करते पाये जाने पर चौकी बड़कुही, थाना चांदामेटा पुलिस, माइनिंग व राजस्व की टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए वाहन को मय खनिज कोयला के खनि नियमाधीन प्रावधानों के अंतर्गत जप्त किया गया। इस ट्रैक्टर को पुलिस चौकी बड़कुई परिसर में शासकीय अभिरक्षा में खड़ा किया गया। इस कार्यवाही के दौरान सहायक खनि अधिकारी श्री महेश नगपुरे, पुलिस चौकी बड़कुही प्रभारी श्री अक्रजय धुर्वे, नायब तहसीलदार परासिया तथा राजस्व, खनिज व पुलिस चौकी बड़कुही के विभागीय संयुक्त अमला सम्मिलित था।

## समाजसेवा का क्षेत्र बहुत बड़ा क्षेत्र है : सुश्री अनुसुइया उइके



**छिंदवाड़ा।** छत्तीसगढ़ एवं मणिपुर की पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने कहा कि समाज सेवा का क्षेत्र बहुत बड़ा क्षेत्र है जिसमें अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए हमारे आचार-विचार संस्कारीत होना चाहिए जिससे हम समाज की दशा और दिशा बदल सके। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिस प्रकार सामाजिक कार्यकर्ता तैयार कर रही है इससे समाज सेवा के क्षेत्र में निस्वार्थ भावना से सेवा हो सकेगी। परिषद द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में विधार्थियों को जो डिग्री प्रदान की जा रही है उससे वे सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर देश में अपना नाम रोशन कर सकेगे। पूर्व राज्यपाल सुश्री उइके गत दिवस मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा में मास्टर ऑफ़ सोशल वर्क एवं बैचलर ऑफ़ सोशल वर्क पाठ्यक्रम की अंकसूची और डिग्री वितरण कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थीं।

### 100 दिवसीय निक्षय शिविर पर चिकित्सालय में कार्यक्रम संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** आज विश्व क्षय दिवस 2025 के उपलक्ष्य में 24 मार्च 2025 को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम डी.ई.आई.सी. जिला चिकित्सालय परिसर गेट नंबर-4 में किया गया। जिसमें सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह एवं नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा महापौर श्री विक्रम अहके द्वारा दीप प्रज्वलन कर सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारी व कर्मचारियों को टीबी मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई ।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री सिंह द्वारा अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एन.के.शास्त्री ने विश्व क्षय दिवस एवं 100 दिवसीय निक्षय शिविर की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। 100 दिवसीय निक्षय शिविर के अंतर्गत (वल्नरेबल) टीबी के प्रति संवेदनशील जनसंख्या की स्क्रीनिंग एवं नॉट टेस्टिंग आदि मौजूद रहे।

## 50 लाख की लागत से होंगे विकास कार्य

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से तामिया के पर्यटन क्षेत्रों को और बेहतर बनाने के लिए पंचायत राज संचालनालय ने 50 लाख की राशि स्वीकृत कर दी हैं। अब इन क्षेत्रों मे स्थित पर्यटन स्थलों में कई विकास कार्य कराये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं पंचायत राज मंत्री प्रहलाद पटेल से विगत दिनों भोपाल में मुलाकात करते हुए तामिया क्षेत्र के पर्यटन स्थलों की विस्तार से जानकारी दी थी, साथ ही इन क्षेत्रों में कई विकास कार्य की आवश्यकता बताते हुए फंड की डिमांड की थी। जिसके आधार पर पंचायत राज संचालनालय ने तामिया क्षेत्र के पर्यटन स्थलों के विकास कार्यों के लिए राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा के बाद 50 लाख की राशि स्वीकृत कर दी है।

**जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, छिन्दवाड़ा**

(पंजीयन क्रमांक 01 दिनांक 31.12.1913)

क्रमांक/2605/स्थापना/सी.बी./2025 छिन्दवाड़ा, दिनांक 17.03.2025

2025 अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष

**ऋणी कृषकों से अपील**

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित छिन्दवाड़ा से संबद्ध बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित (बी-पेक्स) के समस्त कालातीत एवं अकालातीत ऋणी कृषक सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति से लिये गये अपने अल्पकालीन ऋण की चुकौती दिनांक 28 मार्च 2025 के पूर्व कर शासन के शून्य प्रतिशत ब्याज सहायता योजना का शतप्रतिशत लाभ प्राप्त करें। कालातीत कृषकों द्वारा दिनांक 28 मार्च 2025 तक ऋण नहीं चुकाने पर इनके विरूद्ध सहकारी अधिनियम अन्तर्गत समस्त प्रकार की वैधानिक कार्यवाही करते हुये आपके नाम सार्वजनिक किये जावेंगे। उक्त कार्यवाही के व्यय की राशि एवं ऋण के ब्याज सहित दण्ड ब्याज की राशि भी आपसे वसूल की जावेगी। अतः आपसे अपील की जाती है कि दिनांक 28 मार्च 2025 तक अपने कालातीत एवं अकालातीत ऋण की चुकौती कर समस्त प्रकार की वैधानिक कार्यवाहियों एवं लगने वाले ब्याज एवं दण्ड ब्याज से बचे और दिनांक 01 अप्रैल 2025 से पुनः नया ऋण प्राप्त करें।

(सम्माननीय ऋणी कृषकों के हित में जारी)

सही
(अभय कुमार जैन)
प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या.
छिन्दवाड़ा

## विजय झांझरी वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश संगठन महामंत्री नियुक्त

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश के प्रमुख सामाजिक संगठन वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक विगत दिनों अनूपपुर में संपन्न हुई, जिसमें छिंदवाड़ा के वैश्य समाज के लिए अच्छी खबर निकलकर आई । शिरोमणि संरक्षक माननीय उमाशंकर जी गुप्ता एवं प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल जी द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी की सलाह पर छिंदवाड़ा के विजय झांझरी को वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश संगठन महामंत्री नियुक्त किया गया तदाशय की जानकारी देते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष अनिल सिंघई ने बताया कि श्री झांझरी के साथ श्री मनीष अग्रवाल को प्रदेश महामंत्री और संगठन के सक्रिय और लोकप्रिय पदाधिकारी नीरज भारद्वाज को छिंदवाड़ा संभाग अध्यक्ष नियुक्त किया गया। छिंदवाड़ा संभाग में छिंदवाड़ा, सिवनी और पांढुर्णा जिले आते हैं। ज्ञातव्य है कि श्री विजय झांझरी वर्ष 2007 से ही संगठन के सक्रिय पदाधिकारी रहे हैं तथा वे जुनूनी कार्यशैली से संगठन हित कार्य करते हुए अच्छी लोकप्रियता हासिल की है और सभी पदों पर अपने दायित्वों का सफलता पूर्वक निर्वहन करते हुए शीर्ष पद पर पहुंचे हैं। छिंदवाड़ा जिले में संगठन को स्थापित करने में उनकी प्रमुख भूमिका रही है । इन पदस्थापनाओं की खबर लगते ही छिंदवाड़ा जिले के सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ गई और बधाईयों का तांता लग गया ।

### मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह 30 अप्रैल को

**छिंदवाड़ा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह, योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा एवं जनपद पंचायत छिंदवाड़ा द्वारा दिनांक 30/04/2025 दिन बुधवार, स्थान लाल ग्राउंड, (इनर ग्राउंड), डीडीसी कॉलेज, नागपुर रोड, छिंदवाड़ा में सामूहिक विवाह, निकाह, निःशक्तजन विवाह, पुनर्विवाह, कल्याणी विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। विवाह योग्य वधु जिनकी आयु 18 वर्ष एवं वर जिनकी आयु 21 वर्ष पूर्ण कर ली गई हो, वे सम्मलेन में विवाह हेतु सम्मिलित हो सकते है। विवाह पंजीयन स्थान योजना कार्यालय, एकता पार्क के बाजु, छिंदवाड़ा एवं निगम के सभी जोन कार्यालयों में विवाह दिनांक से 15 दिवस पूर्व तक, विवाह पंजीयन के आवेदन पत्र, निर्धारित प्रारूप में जमा कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन पंजीयन का समय विवाह तिथि से 7 दिन पूर्व तक किया जावेगा।

### जगद्गुरु शंकराचार्य ने जन्मदिन पर दिया आशीर्वाद

## सफाई कर्मियों के सम्मान के साथ सेवा दिवस के रूप में मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई



चौरई क्षेत्र के युवा नेता राजनीति में सक्रिय सहभागिता देने वाले कर्मठ जुझारू यशस्वी शैलेंद्र रघुवंशी के जन्म दिवस पर जगह-जगह कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की रूपरेखा में पहले शैलेंद्र रघुवंशी के द्वारा अपने ग्राम देवी स्थल पहुंचकर प्रणाम करते हुए पर्यावरण को सुरक्षित रखना का संकल्प लेकर वृक्षारोपण कर ग्राम वासियों के साथ परिवार जनों का आशीर्वाद लिया गया।

तत्पश्चात क्षेत्र के प्रसिद्ध षष्ठी मातो मंदिर कपूरदा पहुंचकर पूजन अर्चन किया गया के बाद 11:00 बजे आदिवासी समाज संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर जन्मदिन की शुभकामनाएं ली गई इसी के साथ ही आदिवासी मातृशक्ति सामाजिक संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम ग्राम कुकरई में भी पहुंचकर जन्मदिन पर आशीर्वाद दिया गया ।वहीं दोपहर में पहुंचकर जोड़ा हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चन का कार्यक्रम किया गया इस दौरान नगर मंडल के साथ समस्त भाजपा के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे । दोपहर 12:30 बजे सेवा सदन कार्यालय में सफाई कर्मियों का शाल श्रीफल एवं पुष्प की वर्षा कर सम्मान किया गया इसी के साथ ही नगर के शुक्ला लॉन में कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र वासियों के लिए स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जहां पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन के अवसर पर केक काटते हुए अपने नेता की दीर्घायु होने के साथ ही क्षेत्र का लगातार नेतृत्व करने और ऐसे ही सरल सहज एवं मीठी वाणी बोलने रहने की शुभकामनाएं की है । इसी क्रम में जगतगुरु शंकराचार्य जी के नगर आगमन पर शैलेंद्र द्वारा पूजन अर्चन कर पुष्प माला से स्वागत किया गया तो वही जगतगुरु द्वारा जन्मदिन के अवसर पर शुभकामना देते हुए समाज की सेवा में समर्पित रहने आशीर्वाद दिया गया इसी के साथ ही ग्राम डूंगरिया में भी युवा कार्यकर्ताओं के द्वारा कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम के क्रम में भाजपा मंडल चांद एवं बस स्टैंड चौरई में साईं समिति व युवा मित्र मंडली के द्वारा कार्यक्रम किया गया वही रात्रि में लक्ष्मी नारायण मंदिर में महा आरती कर महाप्रसाद का वितरण किया गया । कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा के बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्रवासी व मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे ।

**राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति**

National Education Society for Tribal Students

(जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान), भारत सरकार

मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग, कार्यालय आयुक्त, जनजातीय कार्य मध्यप्रदेश, सहसचिव, मध्यप्रदेश स्पेशल एण्ड रेसीडेंशियल एकेडमिक सोसायटी, भोपाल के अन्तर्गत

**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हर्रई में**

कक्षा-9वीं में (प्रवेश सूचना )

आवेदन की प्रारंभ तिथि- 25.03.2025 आवेदन की अंतिम तिथि- 08.04.2025

वर्षः 2025-26

प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है:-

| क्र. | परीक्षा का विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | आवेदन भरने की प्रारंभिक तिथि | 25.03.2025 | प्रातः 08:00 बजे से |
| 2. | आवेदन भरने की प्रारंभिक तिथि | 08.04.2025 | दोपहर 1:00 बजे तक |
| 3. | परीक्षा की तिथि एवं समय | 10.04.2025 | प्रातः 08:00 बजे से |

परीक्षा केन्द्रः- जिला / विकासखण्ड मुख्यालय के निर्धारित विद्यालय।

| कुल सीटें - | बालक | बालिका | योग |
|---|---|---|---|
| | 01 | 00 | 01 |

**आवेदन प्रक्रिया** -: कक्षा - 8वीं में अध्ययनरत जनजाति वर्ग, विशिष्ट पिछड़ी जनजाति (बैगा, भारिया या सहरिया), विमुक्त जनजातियों, घुमक्कड़ एवं अर्ध घुमक्कड़ समुदाय (**DNT/NT/SNT**) के अलावा वे बच्चे, जिन्होंने अपने माता- पिता को वामपंथी उग्रवाद/ उग्रवाद/कोविड आदि के कारण खो दिया है तथा विधवा की संतान, दिव्यांग माता - पिता की संतान, अनाथ या भूमिदाता (जिन्होंने विद्यालय भवन के निर्माण के लिए भूमि दान की हो) वर्ग के विद्यार्थी, विद्यालय में आवेदन पत्र जमा कर सकते है। मेरिट सूची में चयनित होने एवं न्यूनतम योग्यता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपने विकल्प के अनुसार विद्यालयों में रिक्त सीट के विरुद्ध चयन हेतु पात्र होंगे। भविष्य में योजनाओं का त्वरित लाभ प्राप्त करने के लिए समस्त विद्यार्थी विभागीय वेबसाइट **https://www.tribal.mp.gov.in** पर हितग्राही प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन करें।

### नगर पालिका और पुलिस प्रशासन नहीं दे रही ध्यान

# बसों को खड़े करने मोड़ने में हो रही भारी दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶सौसर



नगर का इकलौता बस स्टैंड इन दोनों प्राइवेट निजी टैक्सियों का अड्डा बन गया है,लगातार नागपुर छिंदवाड़ा पांढुर्णा की ओर से आवागमन करने वाली टैक्सी गाड़ियों का दिन भर बस स्टैंड पर कब्जा कब्जा रहता है, जिसके चलते मध्यप्रदेश राज्य परिवहन की अनुबंधित बसों में यात्रियों को चढ़ने उतरने आदि को लेकर परेशानी होती है। देखने में आया है कि बस स्टैंड पर बड़े पैमाने पर दुकानदारों के द्वारा दुकानों के बाहर अपना अतिक्रमण बढ़ा दिया है,जिसके चलते बस स्टैंड परिसर में प्रवेश करने वाले वाहनों के साथ बसों को मोड़ने और खड़ी करने में दिक्कतें होती है। राजस्व प्रशासन के द्वारा पूर्व में की गई कार्रवाही के बाद बस स्टैंड परिसर के दुकानदारों के द्वारा फिर से अपना अतिक्रमण सड़कों पर ला लिया है। दुकानदारों के द्वारा टेबल कुर्सियां काउंटर बाहर बढ़ाने के चलते बस स्टैंड पर अब बाहरी गाड़ियों को खड़े करने मोड़ने में परेशानी हो रही है। बस स्टैंड के अंदर बेततिब तरीके से कड़ी बसों और टैक्सियों के कारण अक्सर जाम की स्थिति भी उत्पन्न होती है। यात्री प्रतीक्षालय के सामने ओर पीछे सवारी भरने के लिए मटरगश्ती करने वाले वाहन चालकों के कारण आम यात्रियों को अक्सर परेशान होना पड़ता है। यात्री सुमन भोयर का कहना है कि सौसर बस स्टैंड अब बढ़ते यात्रियों गाड़यों की संख्या को देखते हुए कम पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर बस स्टैंड पर संचालित होने वाले होटल मालिको के द्वारा अपनी सीमा से बाहर जाकर अतिक्रमण कर रखा है।

#### गाड़ियां पार्किंग टेंडर को लेकर नगर में हो रही है चर्चाएं

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हाल ही में नगर के भीतर प्रवेश करने वाले व्यवसायिक टैक्सी वाहनों को लेकर नगर पालिका परिषद सौसर के द्वारा गाड़ियों की नगर पार्किंग आवागमन का शुल्क वसूलने को लेकर टेंडर किया गया है। परंतु नपा के द्वारा किए गए इस टेंडर को लेकर भी नगर में तरह-तरह की चर्चाएं की जा रही है।वही दूसरी बीते दिनों उत्कृष्ट विद्यालय के बाजू में पुलिस एवं नपा प्रशासन के द्वारा कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया गया था, परंतु अभी फिर से वहां पर पूर्व की तरह अतिक्रमकारियो पक्के दुकान बनाकर कब्जा कर लिया है। बस स्टैंड परिसर और नगर के साप्ताहिक बाजार चौक चौपाटी का भी यही हाल है, दुकानदारों ने यहां पर भी पक्के मी लेकर पक्का अतिक्रमण कर लिया है, पूर्व में इसकी सूचना कई बार नापा एवं पुलिस प्रशासन को दी जा चुकी है बावजूद इसके अधिकारियों के द्वारा कार्रवाई शून्य है।

## भमोड़ी में आज हुआ रोजा इफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶परासिया

ताजुल औलिया मस्जिद भमोड़ी में रोजाना की तरह रविवार को रोजा इफ्तार कार्यक्रम संपन्न हुआ । देश में अमनो चैन और भाईचारे की दुआएं मांगी गई । इफ्तार कार्यक्रम में जनपद के उपाध्यक्ष जमील खान , मस्जिद कमेटी के सदर फिरोज खान , सरपरस्त शेख ताज हाफिज , ताहिर साहब , अफसर खान , इकबाल खान , शाहरुख खान , शेरू , नज्जू भाई , वफात भाई , इरशाद भाई , रफीक खान , हनीफ खान , वसीम राजा , जाटा छापर सरपंच नरेंद्र धुर्वे ,विजय चंदेल सहित बड़ी संख्या में रोजगार और अन्य नागरिक शामिल हुए ।

## सांसद ने दु:खी परिवारों को दी सांत्वना



हरिभूमि न्यूज ▶▶छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू ने अपने तामिया प्रवास के दौरान विगत दिनों दिवंगत हुए लोगों के घर पहुंचकर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने दिवंगत आत्माओं के चित्र पर माल्यार्पण कर भगवान से प्रार्थना की कि मृत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान देते हुए उन्हें मोक्ष प्रदान करें। इस दौरान उन्होंने ग्राम झिरपा में पूर्व कोषाध्यक्ष रिंकू साहू के छोटे भाई, छुट्टन मर्सकोले की धर्मपत्नी एवं धुधन सिंह के निधन पर दुःख व्यक्त किया। साथ ही शोकाकुल परिवारों को सांत्वना देते हुए कहा कि वे हर दम उनके साथ है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष पटेल, राजू नरोटे, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित पोफली, विश्वेन्द्र बैस सहित ग्रामों के वरिष्ठ नागरिक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### हरि विट्ठल क्लब ने शिवाजी गोल्डन क्लब को 3 विकेट से हराया

**छिंदवाड़ा।** सांसद विवेक बंटी साहू की प्रेरणा से इंदिरा गांधी क्रिकेट मैदान में सांसद कप क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को 2 मैच खेले गए। टूर्नामेंट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक वर्मा ने बताया कि पहला मैच हरि विट्ठल क्लब व शिवाजी गोल्डन क्लब के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए शिवाजी क्लबछिंदवाड़ा ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 104 रन बनाएं जिसमें 18 रन विनीत व 14 रन शेख असद ने बनाये। हरि विट्ठल क्लब के गेंदबाज तपेश पवार व निखिल चौखे ने 3-3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरि विट्ठल क्लब ने 105 रनों का लक्ष्य 13.5 ओवर में 7 विकेट खोकर हासिल कर लिया। हरि विट्ठल क्लबके बल्लेबाज तपेश पवार ने 25 व नरेश पवार ने 23 रन बनाए। शिवाजी गोल्डन क्लब के गेंदबाज मोनू कडु ने 3 विकेट लिए।

### राजा नंदवंशी बने बजरंग दल प्रखंड अध्यक्ष

**नवेगांव।** बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष पद पर राजा नंदवंशी की नियुक्ति होने पर क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ गई। नंदवंशी को प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके साथियों और सहयोगियों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने राजा नंदवंशी के नेतृत्व में सनातन धर्म और हिंदू समाज की रक्षा एवं सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। सभी ने मिलकर यह आशा जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों को सशक्त रूप से आगे बढ़ाया जाएगा।इस मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### भजनों की दी प्रस्तुति

**परासिया।** नव जागृति मानस मण्डल परासिया ने श्री जितेन्द्र साहू वार्ड क्रमांक 5 में आज अपने भजनों की प्रस्तुति दी । सम्पूर्ण नव रात्रि पर्व में भजनों का कार्यक्रम जारी रहेगा । यह भी निर्णय लिया गया । कार्यक्रम मण्डल के श्री बसन्त मालवी बेनी प्रसाद वर्मा लच्छीराम वंदेवार दिनेश विश्वकर्मा मोहन नुनाहरिया हरि नागवंशी नरेन्द्र बत्रा बीरबल वंदेवार श्याम वरडे लेखराम मालवी योगेश यदुवंशी एवं मण्डल के सदस्य उपस्थित थे ।



## अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद ने मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶परासिया



न्यूटन चिखली वार्ड नं 8 में विराजमान आदिवासीयो के आराध्य प्रकृति शक्ति बड़ा देव प्रांगण में होली मिलन समारोह मनाया गया । जिसमें सर्वप्रथम बड़ा देव प्रतिमा पर माल्यर्पण कर विधिवत पूजन कर भव्य आतिशबाजी कर ढोल की थाप पर बड़ा देव की महासुमरनी की गई । नवनियुक्त महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष माया धुर्वे और मुख्य अतिथि महेश सराठी जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद छिंदवाड़ा का आदिवासी समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया ।

समाज के पदाधिकारियों द्वारा रंग गुलाल लगाकर पुष्प गुच्छ , पुष्प माला पहनाकर पीला गमछा श्रीफल भेंट किया गया । इस अवसर पर उपस्थित आदिवासी समाज द्वारा एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी ग ई । पारंपरिक शहनाई ढोल नगाड़े की थाप पर सभी ने सामूहिक नृत्य किया गया । समाज की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु स्व सहायता समूह का गठन ग्राम और नगरों में करने की योजना तैयार की गई । युवक युवती परिचय सम्मेलन कराने सहित अन्य समाज सुधार मामलों पर भी विचार किया गया । आभार प्रदर्शन कर भोजन प्रसाद वितरण किया गया । कार्यक्रम में भुनेश परानी , संजय सराठी , अमरसिंग मरावी , राकेश सरयाम , सुभाष नर्रे , राहुल सराठी पार्षद ,अश्वनी मरकाम , नंदू इरपाची , सतीश सराठी , ब्रजकुमारी सरयाम पार्षद , बलराम सरयाम पार्षद , इंजी.आरती तेकाम , रूपेश इरपाची , विजय बरकड़े , सत्यवान उईके , सुदेश भलावी , नीलेश मर्सकोले , राखी उइके , सीमा वाडीवा , रघुनाथ मसराम , हरीश उईके, यसवंत वाडीवा मौजूद रहे।

### सडक़ पर गंदगी और लोगों की सेहत पर पड़ रहा असर

## धान के छिलके व उससे उड़ती धूल बनी परेशानी

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



वारासिवनीक्षेत्र में धान के छिलके से भरी ओवरलोड गाडिय़ों के कारण सडक़ों की हालत खराब होती जा रही है। तेज रफ्तार में चलते समय इन गाडिय़ों से छिलके गिरते हैं, जिससे धूल और गंदगी चारों ओर फैल रही है। ओवरलोड गाडिय़ों में भरे धान के छिलके लालबर्रा रोड पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर लगे बैरियर से टकराने के बाद यह छिलका नीचे गिरता है, जिससे कभी भी रेलवे ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाईन से दुर्घटना की आशंका बनी हुई हैं। यह छिलका लालबर्रा रोड रेलवे क्रॉसिंग से गुरुनानक धर्मशाला तक बिखरा हुआ रहता हैं। जिससे न केवल सडक़ की सफाई और यातायात में बाधा उत्पन्न कर रहा है, बल्कि लोगों की सेहत के लिए भी नुकसानदायक साबित हो रहा है।

**सडक़ पर धान का छिलका, एक बड़ी समस्या:** स्थानीय निवासियों का कहना है कि ये उड़ते हुए छिलके उनकी आंखों में चले जाते हैं, जिससे जलन और अन्य समस्याएं हो रही हैं। साथ ही सडक़ पर बिखरे धान के छिलकों से गाडिय़ां फिसलने का खतरा भी बढ़ गया है। खासकर बाइक सवारों के लिए यह स्थिति दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है।

**नगरपालिका प्रशासन से उठाई गई सफाई और नियंत्रण की मांग :** स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोड गाडिय़ों पर कार्रवाई की जाए और उन पर ढंककर परिवहन करने के सख्त निर्देश दिए जाएं साथ ही सडक़ों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि इस समस्या से राहत मिल सके। यदि जल्द ही इस पर उचित कदम नहीं उठाए गए, तो यह न केवल सफाई व्यवस्था के लिए चुनौती बनेगा, बल्कि सडक़ दुर्घटनाओं और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को भी बढ़ावा देगा।

### कोचेवाही पंचायत का मामला: पंचायत कार्यालय पहुंचकर की काम की मांग

## सरपंच के बचाव में आए मजदूर, थाने में की गई शिकायत को बताया झूठा

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत कोचेवाही में मनरेगा में कार्यरत मजदूरों ने काम न मिलने पर पंचायत में धरना प्रदर्शन कर काम की मांग की और ग्राम सरपंच पर एक परिवार द्वारा लगाये गये मारपीट के आरोप को झूठा बताते हुए शिकायत वापस लेकर शिकायतकर्ता परिवार पर ही मामला दर्ज करने की मांग की है। इस संबंध में जब मजदूरो से चर्चा की गई तो उन्होने बताया की वे पिछले 8 सप्ताह से मनरेगा योजना के तहत बन रहे लघु तालाब के कार्य मे मजदूरी कर रहे है। परंतु जिस स्थान पर कार्य चालू है वहां पर ग्राम के ही हरिचंद यादव एवं उसके परिजनों द्वारा शासकीय भूमि में कब्जा कर लिया गया है और बाड़ी रूंध दी गई है जिसे ग्राम पंचायत के आदेश के बाद हमारे द्वारा हटा दिया गया था परंतु हरिचंद यादव उसकी पत्नी सरस्वतीबाई एवं उसका पुत्र बलराम यादव द्वारा 22 मार्च को बाड़ी हटाने की बात को लेकर हमसे विवाद करने लगे और गंदी-गंदी गालियां देते हुए मारपीट पर उतारू हो गए थे। वहीं 23 मार्च को भी जब हम सभी मजदूर कार्य कर रहे थे तब हरिचंद और उसका पुत्र कार्यस्थल पर आए और गालिंया देकर मारपीट करने लगे जिसमें बीच बचाव करने आए सरपंच के साथ भी पहले हरिचंद और उसके पुत्र ने मारपीट की। जिसके बाद अपने बचाव में जब सरपंच एवं हमारे द्वारा हाथापाई की गई तो हरिचंद के पुत्र ने चालाकी दिखाते हुए उक्त घटना का वीडियो बना लिया और थाने में झूठी शिकायत दर्ज कराई है। जिससे आज मनरेगा योजना से चल रहा हमारा कार्य बंद हो गया है। जिससे हमारे सामने रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है।



**पलायन के लिये होंगे मजबूर:** पंचायत कार्यालय में उपस्थित सभी मजदूरों ने एक स्वर में कहा की इस तरह अपने ही ग्राम में विवाद के कारण अगर उन्हें कार्य नहीं मिलेगा तो उनके सामने रोजी रोटी के लिये जिले से बाहर अन्य राज्यों में रोजगार के लिये पलायन की मजबूरी बन जाएगी। जबकि शासन की योजना का लाभ मिलना हमारा हक है परंतु एक परिवार द्वारा जबरन शासकीय भूमि पर कब्जा करके विवाद उत्पन्न किया जा रहा है जिससे शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है और पंचायत को विवश होकर कार्य बंद करना पड़ गया है। ऐसे में हम मजदूर कैसे अपना जीवन यापन कर पाएंगे।

**सरपंच पर लगाए गए सभी आरोप झूठे:** मजदूरों ने बताया की ग्राम के सरपंच संतोष यादव बहुत ही सरल और सहज स्वभाव के व्यक्ति है ग्राम के किसी भी परिवार से उनकी कोई रंजिश या दुर्भावना नहीं है। लगातार ग्राम के विकास में उनका सराहनीय योगदान रहा है और ग्राम के लोगों को मनरेगा एवं अन्य शासकीय योजनाओं से कार्य एवं रोजगार दिलाने के लिये वह हर संभव प्रयास करते है। परंतु ग्राम के ही कुछ व्यक्ति जो उनसे राजनीतिक द्वेष रखते है ग्राम के विकास में बाधा उत्पन्न करने में लगे है। 23 मार्च की घटना भी इसमें से ही एक है और सरपंच पर थाने में जो शिकायत की गई है वह पूर्णरूप से झूठी है।

#### इनका कहना है

ग्राम के हरिचंद यादव एवं परिवार द्वारा ग्राम की शासकीय भूमि पर बिना अनुमति अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया गया है। जिन्हे समझाने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया है और मनरेगा में कार्य करने वाले मजदूरों, मेटों को अश्लील गालियां देकर मारपीट की जा रही है जिससे आज सभी मजदूरों द्वारा पंचायत कार्यालय पहुंचकर विवादित स्थान पर कार्य न करने एवं अन्यत्र कार्य दिलाने की मांग की जा रही है।

**राजेश्वर पंचाले, सचिव, ग्राम पंचायत कोचेवाही**

### प्रांतीय समिति को भंग करने की हुई सामाजिक घोषणा, आंतरिक समिति गठित

## महकेपार में कोहरी समाज का हुआ महासम्मेलन

#### समाज के लिए निष्क्रिय साबित हुए प्रांतीय अध्यक्ष अरविंद देशमुख

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

केंद्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में जाति को शामिल कराने के लिए लंबे समय से संघर्षरत कोहरी समाज के लोगों ने अब अपनी प्रांतीय समिति को भंग करने का मन लिया है. सामाजिक लोगों ने प्रांतीय समिति प्रदेश अध्यक्ष अरविंद देशमुख की समाज के प्रति उदासीन कार्यशैली से नाराज होकर समिति को भंग करने का मन बनाया और फिलहाल एक नई आंतरिक समिति की औपचारिक घोषणा भी कर दी गई है. इस समिति में 12 लोगों को रखा गया है. आंतरिक समिति आगामी दिनों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के जरिए एक नई पंजीकृत समिति का गठन करेगी और सदस्यता अभियान चलाने के बाद चुनावी प्रक्रिया के जरिए समाज अपना नया अध्यक्ष चुनेगा. रविवार 23 मार्च शहीद दिवस के मौके पर कोहरी समाज का एक महासम्मेलन बालाघाट जिले की तिरोड़ी तहसील के ग्राम महकेपार में आयोजित किया गया. जहां समाज के वरिष्ठजन तेजराम गोपाले, सुकदेव हांडगे, ताना झोड़े, शिवकुमार सोनवाने, अंनतराम गोपाले, फुलाबाई सोनवाने सहित तमाम ग्रामीण समितियों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई और प्रांतीय समिति को भंग करने का सामाजिक निर्णय लिया गया. जबकि इस बैठक के बाद कोहरी समाज के प्रांतीय अध्यक्ष अरविंद देशमुख ने कहा है कि उनकी समिति पंजीकृत है और इस तरह से उसे भंग नहीं किया जा सकता. उन्होंने बताया कि आगामी 27 मार्च को समिति की बैठक रखी गई है. गौरतलब हो कि जिस बैठक का जिक्र अरविंद देशमुख ने किया है उस बैठक का बहिष्कार करने का भी सामाजिकजनों ने निर्णय लिया है।



दरअसल, मध्य प्रदेश के करीब 28 जिलों में कोहरी समाज के लोग निवास करते है. इनमें सर्वाधिक संख्या बालाघाट और सिवनी जिले में निवास करती है. यह जाति राज्य की अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल है किंतु केंद्र की ओबीसी की सूची में यह जाति शामिल नहीं है. जिस कारण इस जाति के विद्यार्थियों को केंद्र द्वारा आयोजित होने वाले किसी भी परीक्षा में ओबीसी वर्ग का लाभ नहीं मिल पाता. समाज कई वर्षों से कोहरी जाति को केंद्र की ओबीसी की सूची में शामिल कराने के लिए जद्दोजहद कर रहा है और अपनी इसी लड़ाई को संगठनात्मक तरीके से लड़ने के लिए समाज ने एक 07 सदस्यों समिति का गठन किया. समिति ने अरविंद देशमुख को अध्यक्ष की कमान सौंप दी. इस समिति ने एक और पत्राचार समिति बनाई जिसका काम समाज के हितों में शासन-प्रशासन से पत्राचार करना था. पत्राचार समिति तो अपने कार्य विधिवत करती रही लेकिन जो समिति पंजीकृत करवाई गई थी. वह समाज के कार्यों में कोई खास दिलचस्पी नहीं दिखा रही थी. जिसे समाज ने शुरूआत में तो गंभीरता से नहीं लिया लेकिन जब समाज के पढ़े-लिखे युवाओं को नुकसान होने लगा तो पत्राचार समिति के सदस्यों ने इसका विरोध किया और पंजीकृत समिति के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों से सहयोग नहीं मिलने पर पत्राचार समिति के पदाधिकारियों ने इस्तीफे दे दिए. पत्राचार समिति के पदाधिकारियों के इस्तीफे के बाद पंजीकृत समिति बेलगाम हो गई. इसके अध्यक्ष यानी अरविंद देशमुख ने नियमों का पालन नहीं किया और स्वयं को ही स्वघोषित अध्यक्ष बना लिया और यह सिलसिला आज तक जारी है. समाज के लोगों को कहना है कि पंजीकृत समिति में हर 03 या 05 वर्ष में निर्वाचन की प्रक्रिया होती है. समाज से प्राप्त राशि का ऑडिट करना होता है लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं किया गया जिस कारण समिति का पंजीयन तक निरस्त हो गया था।

### सौभाग्य योजना में भ्रष्टाचार के आरोप, पूर्व विधायक किशोर समरिते ने की सीबीआई से जांच करवाए जाने की मांग

#### भारत के प्रधनमंत्री मोदी को लिखा पत्र



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक किशोर समरीते ने भारत के प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर म.प्र. में भारत सरकार के बिजली मंत्रालय की सौभाग्य योजना में 16320 करोड़ का भ्रष्टाचार 50 से अधिक कम्पनीयों द्वारा किये जाने की सीबीआई से जांच करवाने की मांग की है। अपने पत्र में श्री समरीते ने कहा की भारत सरकार की म.प्र. में 45 लाख घरों तथा अनुसूचित जाति, जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग के किसानों को विद्युत कनेक्शनदेने के नाम पर भारत सरकार द्वारा सौभाग्य योजना में 16320 करोड रूपये म.प्र. को आबंटित किये गये। म.प्र. से यह राशि म.प्र. विद्युत मण्डल की तीनों कंपनीयों टेंडर प्रक्रिया में व्यय की गई जिससे नियंत्रक एवं लेखा परीक्षक ने इस योजना के टेण्डर बिना सीबीसी गाईड लाइन तथा बिना ई टेण्डरिंग प्रक्रिया के मप्र की विद्युत मण्डल की पश्चिम क्षेत्र एवं मुध्य क्षेत्र कम्पनीयों द्वारा टेण्डर जारी कर अनुबंध कर दिया गया। इस पर आपत्ति दर्ज हो। इस मामले में टेण्डर प्रक्रिया रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन ने की है। जिसके माध्यम से टेण्डर कराये गये तथा टेण्डर 15 प्रतिशत अधिक रेट पर कराये गये। इस योजना में म.प्र. के रींवा, सिंगरौली, मण्डला, बालाघाट, डिण्डोरी, सिवनी, बैतूल, छिदवाड़ा, अलीराजपुर, अनुपपुर, शहडोल, रायसेन, विदिशा में बिना कार्य कराये ही राशि का आहरण कर लिया गया तथा भारत सरकार के बिजली मंत्रालय को लगभग 200 फर्जी कार्यपूर्णता प्रमाण-पत्र जारी कर दिये गये। यह भ्रष्टाचार का प्रमाणित मामला है तथा माननीय प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई योजना में संदेह उत्पन्न करता है। इस मामले तकनीकी स्वीकृति एवं प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने वाले सभी अधिकारियों औरा शासन को फर्जी कार्यपूर्णता एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की है।

### माध्यमिक शाला कौलीवाड़ा के छात्र चैतन्य ने प्रदेश इंग्लिश ओलंपियाड में पाया द्वितीय स्थान

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम कौलीवाड़ा के चैतन्य कुम्भलवार ने भोपाल के प्रगत शैक्षिक संस्थान एवं जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान में 20 व 21 मार्च को आयोजित दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय इंग्लिश ओलंपियाड में प्रदेश भर में द्वितीय स्थान प्राप्त कर देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय इंग्लिश ओलंपियाड के लिए पात्रता प्राप्त कर जिले एवं संस्थान का नाम रौशन किया है। भोपाल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त करने के बाद शनिवार की सुबह वारासिवनी लौटे मेधावी विद्यार्थियों एवं उनकी शिक्षिकाओं को बस स्टैंड वारासिवनी में सम्मानित किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्रदेश भर से सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया था। लेकिन अपनी कड़ी मेहनत और ज्ञान के दम पर झालीवाड़ा संकुल के एकीकृत माध्यमिक शाला कौलीवाड़ा के कक्षा 5 वीं के होनहार बालक चैतन्य कुम्भलवार ने प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया।

## खबर संक्षेप

### धूमा पुलिस ने लगातार अथक प्रयास कर अपहृता बालिका को तलाश कर परिजनो को सौपा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री सुनील मेहता द्वारा नाबालिक बालक-बालिकाओ की दस्तयावी कार्यवाही करने हेतु जिले के सभी थाना प्रभारीयो को आदेशित किया गया था। आदेश के पालन में थाना स्तर पर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। इसी तारतम्य मे पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेश स्तर पर भी नाबालिक बालक बालिकाओ की दस्तयावी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान दिनांक 01.02.24 को फरियादिया ने रिपोर्ट लेख करायी थी कि उसकी नाबालिग बेटी बिना बताये घर से कही चली गई है, मुझे लगता है कि मेरे लडकी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर कही ले गया है। रिपोंट करती हूँ। कार्यवाही की जावें, कि रिपोर्ट पर थाना धूमा मे अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। मामले की गंभीरता को समझाते हुए थाना धूमा द्वारा विशेष टीम का गठन करते हुए मुखबिरी तथा सायबर सेल सिवनी से संदेही की लोकेशन प्राप्त की गई, जो लोकेशन प्राप्त होने की सूचना पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सुनील मेहता के आदेशानुसार श्रीमान अति० पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी श्री जी. डी. शर्मा के निर्देशन में तथा श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महोदय लखनादौन श्री अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन मे बिना देर किये लोकेशन एवं तकनीकी साक्ष्यो के आधार पर लोकेशन पर जाकर अपहृत नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया गया एवं विधिवत कार्यवाही उपरांत उसके परिजनो सुपुर्द किया गया है।

### स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय लखनादौन का शैक्षणिक भ्रमण संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय लखनादौन के छात्र-छात्राओं को अपनी विरासत एवं संस्कृति चेतना से अवगत कराने हेतु प्रदेश स्थित पुरातत्व संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण हेतु रानी दुर्गावती संग्रहालय जबलपुर एवं चौसठ योगिनी मंदिर का दिनांक 21/03/2025 को महाविद्यालय से प्रभारी डॉ. अजय सिंह कुसरे एवं उनके सहयोगी स्टॉफ द्वारा भ्रमण कराया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को महाकौशल क्षेत्र के पुरातत्व एवं इतिहास के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

### कन्या कौशल शिविर का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बरघाट - ग्राम काचना ग्राम में एक दिवसीय कन्या कौशल शिविर का आयोजन देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया।

व्यक्तित्व को श्रेष्ठ महान कैसे बनाया जाए, मित्र कैसे बनाएं सोशलमडिया हमारे विकास के लिए कैसे उपयोगी होगा, किशोर की समस्याएं एवं समाधान, जीवन को सफल बनाने के सूत्र क्या है?आदि विषयों पर बालिकाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। श्री हेमराज बघेल ,श्री ज्वाला प्रसाद ब्रह्मवंसी, श्रीमती गोमती ठाकुर श्री निम्माजी तुरकर , डॉक्टर भीकांस राहंगडाले द्वारा संबोधित किया गया। श्री चैन सिंह टेमरे विमल राहंगडाले ,सुखराम उइके के द्वारा प्रेरक प्रज्ञा गीत प्रस्तुत किए गए । इस आयोजन को सफल बनाने में श्रीमती तारन टेमरे ,श्री पी डी परते ,श्री पीतम पटले, गिरधारी भोयर , जागेश्वर चौहान, लखनलाल भोयर का विशिष्ट सहयोग प्राप्त हुआ।

## गर्मी में पानी अमृत के समान,देता सबको जीवन दान

# आओ करे इस गर्मी में पशु पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है, मनुष्य को प्यास लगती है तो वह कहीं भी मांग कर पी लेता है, लेकिन मूक पशु पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है, हालांकि जब वे प्यासे होते हैं तो घरों के सामने दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते हैं। कुछ लोग पानी पिला देते हैं तो कुछ लोग भगा भी देते है। इस गर्मी में पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लोगों को प्रयास करना चाहिए

गर्मियों में कई परिंदों व पशुओं की मौत पानी की कमी के कारण हो जाती है। लोगों का थोड़ा सा प्रयास घरों के आस पास उडऩे वाले परिंदों की प्यास बुझाकर उनकी जिंदगी बचा सकता है। सुबह आंखें खुलने के साथ ही घरों के आस-पास गौरेया, मैना व अन्य पक्षियों की चहक सभी के मन को मोह लेती है। घरों के बाहर फुदकती गौरेया बच्चों सहित बड़ों को भी अपनी ओर आकर्षित करती है। गर्मियों में घरों के आसपास इनकी चहचहाहट बनी रहे, इसके लिए जरूरी है कि लोग पक्षियों से प्रेम करें और उनका विशेष ख्याल रखें। जिले में गर्मी बढऩे लगी है। आने वाले सप्ताह और जेठ में और अधिक गर्मी पडऩे की संभावना है। गर्मी में मनुष्य के साथ-साथ सभी प्राणियों को पानी की आवश्यकता होती है। मनुष्य तो पानी का संग्रहण कर रख लेता है, लेकिन परिंदे व पशुओं को तपती गर्मी में यहां-वहां पानी के लिए भटकना पड़ता है। पानी न मिले तो पक्षी बेहोश होकर गिर पड़ते हैं।

### भोजन और पानी की होती है कमी

गर्मी में पक्षियों के लिए भोजन की भी कमी रहती है। पक्षियों के भोजन कीड़े-मकोड़े गर्मियों में नमी वाले स्थानों में ही मिल पाते हैं। खुले मैदान में कीड़ों की संख्या कम हो जाती है, जिससे पक्षियों को भोजन खोजने में भी काफी मशक्कत करनी पड़ती है। जंगलों में पेड़ों के पत्ते झड़ जाते हैं, साथ ही जल स्त्रोत भी सूख जाते हैं। वहीं मवेशियों के लिए भी चारागाह के अलावा खेतों में पानी की समस्या होती है, इस वजह से पानी के साथ भोजन की भी कमी से मवेशियों को जूझना पड़ता है।

### क्या कहते हैं पशु चिकित्सक

पशु चिकित्सक ने बताया कि साल्ट और एनर्जी पक्षियों की किडनी के फंक्शन के लिए जरूरी है। इसकी पूर्ति खनिज-लवण युक्त पानी से हो सकती है। गर्मी में अपने घरों के बाहर, छतों पर पानी के बर्तन रखें और हो सके तो छतों पर पक्षियों के लिए छाया की व्यवस्था भी करें। पक्षियों के शरीर में इलेक्ट्रोलाइट की मात्रा संतुलित रहे, इसके लिए पानी मे गुड़ की थोड़ी मात्रा मिलानी चाहिए।

इससे गर्मी में तापमान से राहत मिलती है और शरीर में पानी की कमी नहीं होती। वहीं मवेशियों के लिए भी कोटना अपने घरों के सामने रखना चाहिए जो वेस्ट वाटर घर से बाहर फेंका जाता है, वह कोटना में डाल दें तो मवेशियों को भी पानी मिल सकता है।

### क्या करें उपाय

घरों के बाहर पानी के बर्तन भरकर टांगें, या बड़ा बर्तन अथवा कोटना पानी भरकर रखें, जिससे मवेशी व परिंदे पानी देखकर आकर्षित होते हैं।

छत में भी पानी की व्यवस्था करें, छायादार जगह बनाकर वहां पानी के बर्तन भर कर रखें। पक्षियों के लिए चना, चावल, ज्वार, गेंहू आदि जो भी घर में उपलब्ध हो उस चारे की व्यवस्था छतों में करें।

कम पानी वाले जल स्त्रोतों को गंदा न करें, इससे पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था हो सकती है।



# भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव की पुण्यतिथि मनाई कांग्रेस ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शहीद भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव जी की पुण्यतिथि, (शहीद दिवस) कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना की उपस्थिति में भारत माता के इन तीनो वीर सपूतो के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित जेपीएस तिवारी ने किया एवं माल्यार्पण रामकुमार कुल्हाडे मासाब एवं निर्मल निखारे द्वारा किया गया, तत्पश्चात उपस्थित कांग्रेस जनों ने पुष्पअर्पीत कर श्रद्धांजलि दी। ब्रिटिश हुकूमत से भारत को स्वतंत्र कराने अपने ओजस्वी विचारों से देश में देशभक्ति का संचार कर, स्वाधीनता की अलख जगाने वाले स्वतंत्रता संग्राम के महानायक भारत भूमि के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू का बलिदान युगों-युगों तक देशवासियों को राष्ट्रहित सर्वोपरि की प्रेरणा देता रहेंगा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विष्णु करोसिया, श्रीमती ललिता बघेल, जितेन्द्र सनोडिया, गेंदलाल भलावी, मोहन सिंह ठाकुर, कैलाश अवधिया, नब्बू भाई, रामकिशोर बघेल, ठा. जयप्रकाश सिंह परिहार, टिकेन्द्र देशमुख, मनीष अग्रवाल, जयप्रकाश यादव, रंजीत परिहार, सतेन्द्र बघेल, शिवदीप डहेरिया, दीपक सनोडिया की उपस्थिती रही।

### अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर एक घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में खेरी कला गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान समनापुर निवासी दया राम काकोडिय़ा (32) के रूप में हुई है। दया राम घंसौर से अपने घर लौट रहे थे। खेरी कला गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। गंभीर चोटों के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाया।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। टक्कर मारकर भागे वाहन और चालक की तलाश जारी है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# विश्व क्षय दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जन जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

## टी बी हारेगा,देश जीतेगा हम सबने ठाना है, टी बी को हराना है

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ,जिला सिवनी डॉक्टर जयपाल सिंह ठाकुर , ने बताया कि सिवनी जिले सहित समस्ति विकासखण्डम अंतर्गत सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में 24 मार्च 2025 को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के निर्देशन में टी वी मुक्त भारत बनाने हेतु शपथ ली गई। जिसमें टी.बी. अधिकारी डॉ. जयज काकोडिया सहित सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष 24मार्च 2025 को विश्व क्षय दिवस मनाया गया।बताया गया कि डाक्टर रॉबर्ट कोच ने टी बी का कारण बनने वाले माइक्रो बैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस बैक्टीरिया की खोज की थी , डॉक्टर कोच की इस ऐतिहासिक खोज की याद में 1882 में डब्लू एच ओ ने हर साल 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस मनाने का निर्णय लिया था। इसलिए प्रतिवर्ष 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस मनाया जाता है। 2025 में टी बी की बीमारी को जड़ से समाप्त किया जावेगा।जिस हेतु 7 दिसम्बर 2024 से 25 मार्च 2025 तक 100 दिवसीय निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उच्च जोखिम वालेहितग्राहियों की स्पूटम एवं एक्सरे की जांच की गई , निक्षय मित्र के माध्यम से मरीजों को फूड बास्केट का वितरण किया गया। पोस्टर व बैनर के माध्यम से प्रचार प्रसार भी किया गया। जिला क्षय अधिकारी ,डॉक्टर जयज ककोडिय़ा ने बताया कि 100 दिवसीय शिविर में प्रत्येक सब सेंटर में शिविर आयोजित किए गए । अधिक से अधिक हितग्राहियों की जांच की गई।

# हिन्दु नव वर्ष पर नगर में रैली का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

हिन्दु नव वर्ष पर प्रतिवर्ष भव्यता के साथ नगर में रैली का आयोजन किया जाता है । आयोजित होने वाली रैली में नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी बड़ी संख्या में सहभागिता करते है परंतु इस वर्ष रैली का आयोजन नगर के दो अलग - अलग स्थानों से किये जाने को लेकर पिछले कुछ दिनों से बैठको का दौर चल रहा था । प्रारंभ में तो रैली दो स्थानों से निकलना बहुत सामान्य प्रतीत हो रहा था परंतु सोशल मीडिया में दो रैली निकालने वाले दोनों पक्षों द्वारा जिस प्रकार की बयान बाजी की गयी और विवाद खड़ा किया वह स्थिती सामान्य नहीं रही।

पर्व की गरिमा और लोक शांति बनाये रखने के बेहतर समन्वय वाले प्रयासों की आवश्यकता महसूस की जाने लगी थी आम जनता हिन्दु नव वर्ष की रैली को गरिमा के साथ निकालने के पक्षधर रहे और वे समाज के नेतृत्व कर्ताओं से हस्तक्षेप की अपेक्षा जता रहे थे । सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जनभावनाओं के अनुरूप गत शनिवार को दोनों रैलियों से संबंधित व्यक्तियों से चर्चा की और दोनों पक्षो से आपसी सहमति के बनाकर हिन्दु नववर्ष की रैली को गरिमापूर्ण बनाये रखने के लिये समझाईश दी । जानकारी के अनुसार दोनों पक्षों ने आपसी सहमति बनाकर रैली एक ही स्थान से निकालने का निर्णय ले लिया है । चर्चाओं के अनुसार यह रैली एक ही स्थान से निकलेगी और दोनों पक्ष के लोग नववर्ष की इस रैली को भव्यता प्रदान करने के लिये सक्रिय है, ऐसी स्थिती में स्थान बड़ा और सुविधाजनक रखा जाये इस बता पर भी विचार हुआ है ।

जानकारी के अनुसार रैली निकालने के लिये कुछ स्थानों का सुझाव दोनो पक्ष के व्यक्तियों द्वारा दिया गया है । सुझाये गये स्थानों में से कौन सा स्थान उपयुक्त होगा इस बात का विचार समाज के वरिष्ठजनों एवं प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों के साथ बैठकर सुनिश्चित करने पर आम सहमति बनी है ।

सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा दोनों पक्षों को एक साथ बैठालकर बनायी गयी सहमति से आमजनता में सुखद प्रतिक्रिया है और कहा जा रहा है कि इससे नगर में शांति और दोनो पक्षों के बीच निर्मित तनाव समाप्त होगा जो पर्व की गरिमा को अनुकूलता प्रदान करेगा ।

## समय सीमा बैठक संपन्न

# ग्रीष्मकाल में सुगम जलापूर्ति की माईक्रो स्तर पर प्लानिंग करने के अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में सोमवार 24 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित थे, वहीं खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे।

बैठक में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने सीएम हेल्पलाईन में बेहतर कार्य करने वाले राजस्व, पंचायती राज तथा खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को बधाई दी, साथ ही जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को बिना अटेंड शिकायतों को लेकर चेतावनी दी है। कलेक्टर सुश्री जैन ने बिना अटेंड किये उच्च लेबल पर पहुंची शिकायतों के लिए संबंधित अधिकारियों पर 200-200 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित कर रैडक्रॉस सोसायटी में जमा करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने राजस्व वसूली की अनुभागवार समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न होने को लेकर तहसीलदार बरघाट, केवलारी, लखनादौन, घंसौर, धनौरा, छपारा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये हैं, साथ ही सायबर तहसील प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण न करने को लेकर तहसीलदार केवलारी, सिवनी, धनौरा, लखनादौन, छपारा, बरघाट तथा नायब तहसीलदार उगली, धूमा, कुरई तथा बंडोल को नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर सुश्री जैन ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि प्रति पटवारी प्रतिदिन 10 फार्मर रजिस्ट्री एवं आधार आर ओ आर लक्ष्य अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

बैठक में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने ग्रीष्म ऋतु में सभी ग्रामों में सुविधाजनक रूप से पेयजल आपूर्ति की कार्ययोजना को लेकर पीएचई एवं जल निगम के अधिकारियों को माईक्रो लेबल पर प्लानिंग कर ग्रामवार व्यवस्था बनाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने एकल एवं समूह नलजल योजना से सतत एवं पर्याप्त जलापूर्ति के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने ऐसे ग्राम जो नलजल योजना से नहीं जुड़े हैं ऐसे सभी ग्रामों में हैण्डपंप एवं अन्य वैकल्पिक साधनों से व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने अधिकारियों को प्राप्त होने वाली ग्रामवार पेयजल समस्याओं को सर्वप्राथमिकता में लेकर निराकृत करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने पीएचई एवं जलनिगम के अधिकारियों को दो दिवस में ग्रामवार प्लानिंग प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

### नरवाई जलाने पर होगी कार्यवाही

कलेक्टर सुश्री जैन ने फसल कटाई उपरांत नरवाई जलाने की घटनाओं को संज्ञान लेकर राजस्व एवं कृषि अधिकारियों संबंधित व्यक्तियों पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को नरवाई प्रबंधन के विकल्पों का मैदानी स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर सुश्री जैन ने गेहूं उपार्जन व्यवस्थाओं की भी विस्तृत समीक्षा की, उन्होंने अनुभागवार पंजीकृत किसानों, गेहूं के रकबे के साथ उपार्जन के लिए बनाए गए केन्द्रों की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी उपार्जन केन्द्रों एवं पंजीयन केन्द्रों में किसानो की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को भी रबी फसल सत्यापन कार्यों को भी तेजी से पूरा करने के लिए निर्देशित किया है।

कलेक्टर सुश्री जैन ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नवीन हितग्राहियों को जोड़ने के लिए चलाये जा रहे सर्वे प्रगति की समीक्षा कर सभी जनपदों के अधिकारियों को लंबित ग्रामों में सर्वे कार्य तेजी से पूरा करने के लिए निर्देशित किया। इसी तरह जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में वॉटर हार्वेस्टिंग कार्यों की प्रगति की समीक्षा की, उन्होंने कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को कार्यों को पूरी गुणवत्तापूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया है। बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने जलगंगा संवर्धन अभियान की तैयारियों को लेकर भी सभी एसडीएम एवं सीईओ जनपदों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गये।

उन्होंने 30 मार्च से 30 जून तक चलने वाले इस अभियान अंतर्गत जल संरचनाओं जैसे नदी, तालाब, बावड़ी की साफ-सफाई जनसहयोग से चलाया जायेगा। उन्होंने विकासखंडवार जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों के साथ प्लानिंग कर अभियान के क्रियान्वयन के निर्देश दिये हैं।

### केवलारी विधायक नसदन में किसानों की आवाज उठाई...

केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने म.प्र. विधानसभा सदन में जल संसाधन विभाग की लापरवाही के कारण पानी न मिलने से किसानों की सूखी फसलों का सर्वे कराए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।



विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष को उक्त संबंध से अवगत कराते हुए कहा कि गत दिनांक को ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से उन्होंने सदन में किसानों की जटिल समस्या को रखा जिसपर मंत्री के द्वारा टीम गठित कर सर्वे कराये जाने का आश्वासन दिया गया परंतु आज दिनांक तक उस पर कुछ अम्ल नहीं किया गया।विधायक श्री ने मंत्री महोदय को स्मृति कराते हुए क्षेत्र में किसानों की सूखी फसलों का त्वरित सर्वे कराये जाने की माँग किया। सदन में विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने प्रतिवर्ष लगातार सिंचाई के पानी में बढ़ती समस्याओं को लेकर चिंता जाहिर करते हुए क्षेत्र में पानी की समस्या के समाधान हेतु पेंच परियोजना (माचा गौरा) बांध का पानी केनाल के माध्यम से भीमगढ़ बांध में छोड़े जाने की माँग की।

# आदिशक्ति माँ ज्वाला देवी मंदिर में 81 वें सप्ताह संपन्न हुआ सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

भैरोगंज परतापुर रोड में स्थित आदिशक्ति ज्वाला देवी सिद्ध पीठ आस्था और श्रद्धा का प्रमुख ऐसा केन्द्र बन गया है कि श्रद्धा भक्ति और आस्थावान इस मंदिर में अपनी मनोकामना पूर्ति के साथ मानसिक और आत्मिक शांति के लिये बड़ी संख्या में विश्वास के साथ पहुँच रहे है और उनका विश्वास भी माँ ज्वाला देवी के आशीर्वाद से दृढ़.हो रहा है ।

इस शक्ति पीठ में भक्ति और श्रद्धा के साथ हर शनिवार को सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ किया जाता है, यह क्रम पिछले 81 वें सप्ताह से निरंतर किया जा रहा है । सुंदरकांड और हनुमान चालीसा के पाठ के साथ समाज के बीच सकारात्मक विचारों को प्रेषित करने का भी यह प्रमुख केन्द्र के रूप में पहचान बना रहा है । मंदिर में आगामी समय में प्रारंभ होने वाले आदिशक्ति की उपासना के पर्व नवरात्रि को मंदिर में श्रद्धा भक्ति और संकल्पों के साथ मनाने पर चर्चा हुई । शक्ति उपासना के इस पर्व पर माँ ज्वाला देवी मंदिर में स्थापित किये जाने वाले ज्योति कलशों और मंदिर में पर्व के दौरान होने वाले आयोजनों को लेकर विचार विमर्श किया गया । पवित्र नवरात्र पर्व के दौरान शक्ति उपासना का महत्व और भक्तिपूर्ण आराधना के संबंध में समाज के बीच चर्चा करने पर विचार किया गया ।

यहाँ बता दें कि सिवनी नगर के उप नगरीय क्षेत्र भैरोगंज परतापुर रोड में स्थित श्री मां आदिशक्ति ज्वाला देवी सिद्ध पीठ मंदिर में लगातार 81 सप्ताह से प्रत्येक शनिवार को युवाओं एवं मातृशक्ति द्वारा सास्वर भक्तिमय सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा है । श्रद्धा एवं भक्ति के इस अनुपम संगम की विशिष्टता यह है कि इस साप्ताहिक मिलन के दौरान जागरूकता और तात्कालिक विषयों पर चर्चा भी की जाती है ।

### नम्र निवेदन, आओ करें पुस्तक दान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सभी विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षाएं अप्रैल ओर मई में समाप्त हो रही हैं। कृपया महँगे दामों पर खरीदी गई पुस्तकों को 20/- किलो के भाव से रद्दी में न बेचकर, आपके पास जो भी पुस्तकें हैं, उनकी सूची किसी भी ग्रुप में साझा करें। यह प्रयास आपके परिचित जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए उपयोगी हो सकता है और उनके माता-पिता पर पडऩे वाला आर्थिक बोझ कम कर सकता है। साथ ही, यह अनजाने में पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार होगा।अगर 1000/- की पुस्तकों को मात्र 50/- में रद्दी में बेच दिया जाए, तो यह हमारी शिक्षित होने की मूल भावना पर सवाल खड़ा करता है।

### व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई हायर सेकेण्डरी की मुख्य परीक्षा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी की मुख्य परीक्षा वर्ष 2024-25 अंतर्गत दिनांक 24 मार्च 2025 को विषय राजनीतिशास्त्र की परीक्षा जिले के 78 परीक्षा केन्द्रों में व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुई। हायरसेकेण्डरी की राजनीतिशस्त्र विषय की परीक्षा में दर्ज 6495 विद्यार्थियों में से 6351 उपस्थित तथा 144 अनुपस्थित पाये गये। वहीं नकल प्रकरण निरंक रहा। जिला स्तर पर परीक्षा के व्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला एवं खण्ड स्तर पर उड़न दस्ता दलों द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें सभी केन्द्रों में परीक्षा निर्विघ्न एवं सुचारू रूप से संचालित पाई गई।

मात्र 999/sq.Ft में प्लाट उपलब्ध
गौतम बुद्ध बिहार सिटी
सर्व सुविधा युक्त कॉलोनी रेरा अप्रूव्ड टी एन सी पी विकास अनुमति डायवर्टेड कॉलोनी
बरघाट बाईपास से कटंगी बाईपास, न्यू डूडा सिवनी थाना के पास ग्राम छिड़िया पलारी सिवनी संपर्क 9589249192, 8871779192

### कलेक्टर ने दिए बिजली खपत समेत कई बिंदुओं की जांच के आदेश; विभागों को नोटिस

# धान मिलर्स की निगरानी करने स्पेशल टीम बनाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के कलेक्टर मृणाल मीणा ने मिलर्स की जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया है। इस टीम में नागरिक आपूर्ति निगम, खाद्य विभाग और वेयर हाउसिंग के अधिकारी शामिल हैं।

जिले में मिलर्स पर गंभीर आरोप लगे हैं। शिकायतों के अनुसार, वे उन्नत किस्म के धान को खुले बाजार में बेच देते हैं। इसके बाद बिहार से सस्ता चावल मंगाकर उसे पॉलिश करते हैं। फिर इसे ही सरकार को मिलिंग के चावल के रूप में जमा कर देते हैं।

कलेक्टर ने जांच दल को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। टीम को स्टॉक के अनुसार मिलिंग, आरओ और बिजली की खपत की जांच करनी होगी। साथ ही ओपन कैप में रखे धान की मिलिंग की निगरानी भी करनी होगी।



## जलगंगा अभियान की तैयारियों पर चर्चा

सोमवार को टीएल बैठक में कलेक्टर ने कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की। उन्होंने नए भवनों में वॉटर हार्वेस्टिंग को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। 30 मार्च से शुरू होने वाले जलगंगा अभियान की कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई।

सीएम हेल्पलाइन में रैंकिंग प्रभावित होने के कारण कई विभागों को नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें श्रम विभाग, एमपीईबी, खनिज विभाग, पीएचई, खाद्य विभाग और नागरिक आपूर्ति निगम शामिल हैं। सभी विभागों को स्पष्टीकरण देना होगा।

### पेड़ में लगे खून से आरोपी तक पहुंची पुलिस

# 12 हजार के लिए पोते ने दादी की हत्या की

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

बालाघाट में सोमवार को पुलिस ने बुजुर्ग महिला की हत्या का खुलासा किया है। 7 मार्च को पोते ने 12 हजार रुपए लेने के लिए अपनी ही दादी की हत्या कर दी थी। आज आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार, सिवनीखुर्द में सुभद्राबाई नागेश्वर का शव उनके घर के आंगन में खटिया पर मिला था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत की पुष्टि हुई थी। पुलिस ने जांच शुरू की और सीडीआर के जरिए पता चला कि घटना के समय मृतक का पोता मूलचंद्र (34) घर पर मौजूद था।



## 10 हजार रुपए मौज-मस्ती में खर्च कर दिए

पुलिस की सख्त पूछताछ में मूलचंद्र नागेश्वर (34) ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने दादी के गले से चांदी के जेवर और नकदी लूट ली थी। पुलिस ने आरोपी से चांदी के जेवर और 2 हजार रुपए बरामद किए हैं। आरोपी ने 10 हजार रुपए मौज-मस्ती में खर्च कर दिए।

थाना प्रभारी अशोक ननामा के अनुसार, आरोपी के घर में अमरूद के पेड़ और बाथरूम के बीच लगे बांस के डंडे और दरवाजे की कुंडी पर खून के निशान मिले थे। जिसके आधार पर हम आरोपी तक पहुंचे।

## गोद लिए बेटे के लड़के ने की हत्या

आरोपी मूलचंद्र, मृतक सुभद्राबाई नागेश्वर के गोद लिए बेटे भाउलाल नागेश्वर की दूसरी पत्नी का लड़का था। जबकि महिला सुभद्रबाई, भाउलाल की पहली पत्नी से हुई बेटी के साथ रहती थी। जिसके बेटे आयुष ने हैदराबाद से लौटने के बाद हत्या के दिन अपनी परदादी को 12 हजार रूपए दिए थे। जिसे आरोपी मूलचंद्र ने चोरी करने का प्रयास किया था। इसी दौरान दादी सुभद्राबाई के जागने पर उसने उसकी हत्या कर दी थी।

### बालाघाट में दिए आधुनिक पुलिसिंग के निर्देश

# रात में आईजी-डीआईजी ने किया थानों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में डीजीपी के निर्देश पर 23 मार्च की रात राजपत्रित अधिकारियों ने थानों का औचक निरीक्षण किया। आईजी संजयसिंह और एसपी नगेंद्रसिंह ने कोतवाली थाने पहुंचे।

उन्होंने थाना परिसर, हवालात की स्वच्छता और विभिन्न रजिस्टरों की जांच की। अधिकारियों ने जीरो एफआईआर, ई-एफआईआर और ई-समंस के निराकरण की स्थिति देखी। साथ ही, हाईकोर्ट में केस डायरी भेजने के रिकॉर्ड की भी समीक्षा की। पिछले 3 साल की निगरानी फाइलों और क्लोजर रिपोर्ट्स की जानकारी भी ली।



डीआईजी मुकेश श्रीवास्तव ने वारासिवनी और लालबर्रा थाने का निरीक्षण किया। जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने किरनापुर, लामता, कटंगी, परसवाड़ा, भरवेली, तिरोड़ी, खैरलांजी, हट्टा, मलाजखंड और बिरसा थानों का दौरा किया।

निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी की कार्यप्रणाली, उनकी कवरेज और बैकअप सिस्टम की जांच की गई। अधिकारियों ने हवालात की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए। थानों में रात्रि गश्त, चेकिंग और आधुनिक पुलिसिंग पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

### कलेक्टर से मिले किसान, हजारों एकड़ फसल प्रभावित होने का खतरा जताया

# नहर में नहीं पानी, 9 गांवों की फसल पर संकट

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में नहर के सूख जाने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। खुटिया, कटंगी, बोरी, लोहारा, परसपानी, गढ़दा, बुढैना, तिवड़ी और केशलेवाड़ा के किसान अपनी लहलहाती फसल को सूखता देख परेशान हैं।

सोमवार को आधा दर्जन से अधिक किसानों ने जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मुकेश माहुले के नेतृत्व में कलेक्टर मृणाल मीणा से मुलाकात की। उन्होंने नहर में पानी छोड़ने की मांग की।

लोहारा के किसान ओमप्रकाश ठाकरे ने बताया कि उनके पंचायत क्षेत्र में अकेले 500 एकड़ में लगी फसल पानी के अभाव में सूख रही है। क्षेत्र में करीब एक हजार किसानों की फसल खराब होने के कगार पर है।



जिला पंचायत प्रतिनिधि मुकेश माहुले के अनुसार, समस्या सिर्फ किसानों तक सीमित नहीं है। क्षेत्र जंगल से सटा होने के कारण वन्यजीव भी प्रभावित हो रहे हैं। गर्मी में जंगल के जल स्रोत सूखने पर वन्यजीव प्यास बुझाने नहर की ओर रुख करते हैं। नहर में पानी न होने से उनकी परेशानी भी बढ़ गई है।

जिले के पठार और वारासिवनी क्षेत्र में भी किसान सिंचाई के लिए पानी न मिलने से परेशान हैं। किसानों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द ही उनकी फसलों को बचाने के लिए नहर में पानी की व्यवस्था करेगा।

हमारी मांग है कि संजय सरोवर बांध की टूटी बांयी तट की मुख्य नहर में जल संसाधन विभाग पानी छोड़े, ताकि किसान फसल की सिंचाई कर सके और वन्यजीवों की भी प्यास बुझ सके।

पानी की मांग को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे किसान और पंचायत प्रतिनिधियों को कलेक्टर मृणाल मीणा ने आश्वस्त किया है कि उनकी मांग को गंभीरता से लेकर, जल्द ही नहरो में पानी देने की व्यवस्था बनाई जाएगी।

## विश्व जल दिवस पर निबंध प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी संपन्न

**वारासिवनी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला बालाघाट नवांकुर संस्था कैरियर शिक्षा समिति वारासिवनी द्वारा विश्व जल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निरंजन बिसेन संचालक, श्रीमती पुष्पा बिसेन समिति सचिव सहित अनेक वक्ताओं द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए पानी बचाओ अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शपथ दिलाई गई।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा सामग्री और आर्थिक सहायता

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जरूरतमंद व्यक्तियों को लाभान्वित किए जाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेश कुमार प्राण व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश/अध्यक्ष के कुशल मार्गदर्शन में जरूरतमंद व्यक्तियों को लाभान्वित करने के लिए एक पहल शुरू कि है। पहल के तहत, प्राधिकरण ने विभिन्न तहसीलों के उन बच्चों की पहचान की है जिन्होंने अपने माता-पिता को खो दिया है और उन्हें शिक्षा सामग्री और आर्थिक सहायता प्रदान की है। श्री प्राणेष कुमार प्राण ने बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की और उनसे बातचीत भी की। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री मनीष कुमार सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री विकास विष्वकर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे और स्वयंसेवी संस्था के श्री श्रेयांष जैन उपस्थित रहे।



### दूसरे मैच में केनरा बैंक बैंगलोर ने भंडारा को 6-2 से मात दी

# हॉकी टूर्नामेंट में दादर ने इटारसी को 4-1 से हराया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में 50वें स्व. नारायण सिंह मेमोरियल ऑल इंडिया गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट में सोमवार को दादर नगर हवेली ने इटारसी को 4-1 से हराया। हीं दूसरे मैच में केनरा बैंक बैंगलोर ने भंडारा को 6-2 से मात दी। नॉक आउट पद्धति से खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में हारने वाली टीम बाहर हो जाती है। आज मैच का दूसरा दिन था।

25 मार्च को तीन मैच होंगे। पहला मैच दोपहर 1 बजे सैफई इटावा और उमरिया के बीच, दूसरा मैच बालाघाट और गोंदिया के बीच, तथा तीसरा मैच सांई हैदराबाद और दादर नगर हवेली के बीच खेला जाएगा।



टूर्नामेंट में कुल 19 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें बालाघाट की दो टीमों के अलावा राउरकेला, बैंगलोर, सुंदरगढ़, हैदराबाद, उड़ीसा, कुर्ग, दादर नागर हवेली, इटावा, बैतूल, इटारसी, भंडारा, जबलपुर, उमरिया, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ 11, सिवनी और हॉकी मध्यप्रदेश की टीमें शामिल हैं।

प्रतियोगिता का पहला क्वार्टर फाइनल 28 मार्च को, सेमीफाइनल 29 मार्च को और फाइनल मैच 30 मार्च को खेला जाएगा।

# आज होगा बाबा ईश्वरशाह साहिब का बालाघाट आगमन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

आज 25 मार्च को हरे माधव सत्संग का बड़ा आयोजन, बालाघाट में किया गया है। जिसमें हरे माधव के सतगुरु सांई ईश्वर शाहजी का बालाघाट आगमन हो रहा है। यहां वे, सुबह 11 बजे निकलने वाली शोभायात्रा में शामिल होंगे और सायंकाल 6 बजे से हरे माधव सत्संग में प्रवचन देंगे। जिसको लेकर बालाघाट में हरे माधव सत्संग समिति ने व्यापक तैयारी की है।

हरे माधव परमार्थ सत्संग सेवा समिति प्रमुख शंकर सचदेव ने बताया कि हरिराया सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब जी की असीम अनुकंपा से 25 मार्च को हरेमाधव सत्संग का आयोजन होगा। साथ ही इस पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।



प्रातः 11 बजे शोभायात्रा गुरूनानक पब्लिक हॉल से प्रारंभ होकर हरे माधव सतगुरू ओट भवन पहुंचेगी। जहां सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब जी, भक्तों से मुलाकात करेंगे। जिसके बाद

सायंकाल, 6 बजे से सरस्वती स्कूल के पीछे बड़े मैदान में सत्संग का आयोजन होगा। जहां सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब जी, भक्तों को अपनी दिव्य वाणी से प्रवचन देंगे। आयोजक समिति हरे माधव सत्संग समिति ने सभी संगतों से हरे माधव सत्संग एवं पावन सतगुरु दर्शन का लाभ उठाने अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

500 वर्गफीट में बन रहा मंच, साढ़े तीन हजार वर्गफीट में भक्तो के बैठने की होगी व्यवस्था

हरे माधव परमार्थ सत्संग सेवा समिति प्रमुख शंकर सचदेव ने बताया कि 25 मार्च को सायंकाल 6 बजे से होने वाले प्रवचन कार्यक्रम के लिए सतगुरू के बैठने के लिए 500 वर्गफीट का मंच और भक्तों के लिए साढ़े तीन हजार वर्गफीट में बैठने की व्यवस्था की गई है।

### अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व परिजनों ने किया जमकर नृत्य, जनप्रतिनिधियों ने दिया आशीर्वाद

# धूमधाम से निकली 381 दूल्हों की बारात, दांम्पत्य जीवन में बंधे वर-वधू



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत वारासिवनी के तत्वावधान में स्थानीय रानी अवंती बाई स्टेडियम में भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए कुल 381 जोड़ों ने सात फेरे लेकर अपने नए जीवन की नई शुरुआत की।

कार्यक्रम में अतिथि के रुप में सांसद श्रीमती भारती पारधी, कटंगी विधायक गौरव पारधी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती माया उईके, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता दांदरे, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा अमूले, पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, जनपद पंचायत वारासिवनी पूर्व अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा बिसेन, जनपद पंचायत वारासिवनी पूर्व अध्यक्ष किशोर अमूले, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष मिलिन्द नगपुरे, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वेदप्रकाश पटेल, शैलेन्द्र सेठी, एसडीएम राजीव रंजन पाण्डे, तहसीलदार इमरान मंसूरी, सीईओ दीक्षा जैन सहित पार्षद, सरपंच जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

दोपहर लगभग 2 बजे स्थानीय शासकीय कमला नेहरू कन्या शाला से सामूहिक रुप से 381 दूल्हों की बारात निकाली गई। जिसमें जनप्रतिनिधियों सहित दूल्हों के परिजन शामिल हुए। इस बारात में बैंड बाजे की धुन पर जनपद पंचायत अध्यक्ष माया उइके, उपाध्यक्ष पुष्पा किशोर अमूले सहित दूल्हों के परिजन नाचते गाते हुए नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल रानी अवंती बाई स्टेडियम पहुँची। जहाँ पर जनपद पंचायत सीईओ दीक्षा जैन सहित जनपद पंचायत के कर्मचारियों ने बारात का स्वागत किया। बारात के स्टेडियम पहुँचने के बाद एसडीएम सभा कक्ष से सभी दुल्हनों को तैयार कर कार्यक्रम स्थल पर लाया गया। जहाँ पर प्रशासन की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया।

वर-वधू के कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने के बाद अतिथियों ने सभी धर्मो के देवी-देवताओं की पूजा अर्चना की। उसके बाद विभिन्न धर्मो के धर्म गुरुओं ने सामाजिक रीति रिवाज एवं विधि विधान से मंत्रोचार कर विवाह सम्पन्न कराया गया। जिसमें अनुसूचित जनजाति के 68 जोड़े, अनुसूचित जाति के 33 जोड़े व हिन्दू समाज के 280 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया।

जनपद पंचायत सीईओ दीक्षा जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत विवाह आयोजन के लिए 55000 रुपये की राशि का प्रावधान शासन द्वारा किया गया है। जिसमें से टेंट, खाना, बाजे, वाहन, बारात, नगर भ्रमण जैसी अन्य व्यवस्थाओं के लिए 6 हजार रुपये एवं शेष 49 हजार रुपये की राशि का चेक हितग्राही को प्रदान करना है। रविवार को सम्पन्न हुए सामूहिक विवाह में सांकेतिक रुप से 6 हितग्राहियों को अतिथियों के हस्ते 49000 रूपये का चेक वितरित किया गया । वही शेष हितग्राहियों की राशि बैंक के माध्यम से प्रदान की जायेगी। जो विवाह के 8 से 15 दिन के भीतर हितग्राहियों को मिल जायेगी।

## अभियान के लिए आंगनवाड़ियों का प्रशिक्षण हुआ प्रारम्भ

**बालाघाट।** पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम आंगनवाड़ियों से प्रारम्भ होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2000 के पाठ्यक्रमों के अनुरूप आधारशिला आंगनवाड़ी केंद्रों से प्रारम्भ की जाएगी। इसकी शुरुआत प्रशिक्षण से प्रारम्भ हो गई है। महिला बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी दीपमाला सोलंकी ने बताया कि पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के लिए सोमवार से जिले में प्रशिक्षण का दौर प्रारम्भ हो गया है। सोमवार को स्थानीय डाइट परिसर में जिले की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहित सुपर वाइजर व परियोजनाओं में नियुक्त अमले का प्रशिक्षण प्रारम्भ हो गया है। इस कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी में आने वाले जीरो से 3 वर्ष, 3 से 6 वर्ष तथा दिव्यांग बच्चों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

## फसलों की सिंचाई प्रबंधन के लिए बैठक बुधवार को

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने फसलों के सिंचाई प्रबंधन के लिए बुधवार को महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। इस बैठक में वैनगंगा, राजीव गांधी सागर,सर्वे डिवीजन सहित बंजर परियोजना के साथ जल संसाधन विभाग के सभी एसडीओ व उपयंत्री उपस्थित रहेंगे। साथ ही इस बैठक में कृषि उपसंचालक श्री राजेश खोब्रागड़े को भी उपस्थित होना है। बैठक जे पूर्व डीडीए कृषि फसलों को जल आपूर्ति की आवश्यकता के लिए समय का आंकलन की जानकारी लेकर उपस्थित होंगे। साथ ही जलसंसाधन विभाग के अधिकारी वर्तमान में जल उपलब्धता का आंकलन करने के आएंगे।

## शासकीय व निजी संस्था में कार्यरत नौकरीपेशा कर्मचारियों के लिए संध्याकालीन निःशुल्क समग्र ई-केवायसी सुविधा प्रारंभ

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय और निजी संस्थाओं में कार्यरत नौकरीपेशा कर्मचारियों के लिए निशुल्क समग्र ई -केवाईसी सुविधा प्रारंभ की जा रही है जिसमें मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार लगभग सभी योजनाओं के लाभ के लिए ई केवाईसी करवाना अनिवार्य किया जा रह है। जिसमें आयुष्मान भारत योजना में शासकीय कर्मचारी व संविदा कर्मचारियों को शीघ्र सम्मिलित किया जाना है। यह सुविधा नौकरीपेशा नागरिकों की सुविधा के लिए शुरू की गई है, जो कार्यालयीन समय में समग्र ईकेवायसी करवाने में असमर्थ होते हैं। उन कर्मचारी के लिए संध्याकालीन सायं 6 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक निःशुल्क समग्र ई-केवायसी सुविधा प्रारंभ की गई है। यह सुविधा सर्च इन्फोटेक, वार्ड नं. 25 गौरव पथ, मोतीतालाब रोड, बालाघाट में 17 मार्च 2025 से प्रारम्भ कर दी गई है।

# अंधश्रद्धा मुक्त समाज ही अपना समग्र विकास कर सकता हैः डॉ चरनदास ढेंगरे

### अंधश्रद्धा एवं व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया भारतीय बौद्धों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था पूरे भारत देश में बोधिसत्व डॉ.बाबासाहेब एवं महापुरुषों के संकल्पना ओ के भारत निर्माण के कड़ी में संस्था राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष/ट्रस्टी डॉ.भीमराव य.आंबेडकर साहेब के निर्देशानुसार सभी जगह शिविरों के आयोजन किए जा रहे हैं,इसी क्रम मे मप्र के बैतूल एवं मुलताई तहसिल मुख्यालय में शनिवार दिनांक 22.03.2025 को अंधश्रद्धा निर्मूलन शिबिर एवं दिनांक23/03/2025 को व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ,इस शिविर में पूज्य भंते दीपंकर जी इनकी विशेष उपस्थिति रही उन्होंने दोनों दिन सभी को त्रिशरण पंचशील ग्रहण कराया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य प्रशिक्षक संस्था के राष्ट्रीय सचिव एवं मप्र के पालक मंत्री आद. बी.एच.गायकवाड गुरुजी मुम्बई थे,प्रमुख अतिथि एवं शिविर उद्घाटक संस्था के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. चरनदास ढेंगरे मप्र बालाघाट थे,प्रमुख अतिथि एवं प्रशिक्षक प्रदेश महामंत्री मेजर डॉ.उत्तम प्रधान मप्र इंदौर थे,विशेष अतिथियों में राजकपूर कामडे प्रदेश सचिव का य . म प्र बा ला घा ट , शं क र रा व शेषकर प्रदेश सचिव एवं केंद्रीय शिक्षक मप्र बैतूल,जिला उपा.इंजी.प्रकाश ऊबनारे,नालंदा शेषकर,प्रमिला पाटील जिला सचिव, अध्यक्षता एड.नामदेव नागले जिलाध्यक्ष बैतूल द्वारा की गई थी, इस अवसर पर संस्था के मप्र राज्य शाखा के अध्यक्ष डॉ. चरनदासजी ढेंगरे जी ने शिवीर के उद्घाटन करते हुए शिविर के महत्त्व को बताया तथा संस्था किस प्रकार शिविरों के आयोजन कर उद्देश्यों की पूर्ति करती है,आगे उन्होंने यह भी बताया कि अंधश्रद्धा मुक्त समाज ही अपना समग्र विकास कर सकता है।शिविर के मुख्य प्रशिक्षक संस्था के राष्ट्रीय सचिव बी एच गायकवाड गुरुजी ने दोनों दिन सभी विषयों पर सारगर्भित रूप से प्रशिक्षण देते हुए बताया कि व्यक्तित्व का विकास ही विकसित भारत का मूलभूत ढांचा है, क्योंकि प्रत्येक मनुष्य अपने व्यक्तित्व का विकास करेगा तो उसे सही गलत की पहचान होगी अपना जीवन सत्य के मार्ग पर चलकर मंगलमय करेगा।आगे उत्तम प्रधान सरचीटणीस मप्र राज्य शाखा द.इन्होने अंधश्रद्धा यह सामाजिक समस्या है इसके बारे मे मार्गदर्शन किया।बी एच गायकवाड जी ने अंधश्रद्धा निर्मूलन के प्रयोग करके दिखाये जैसे बाबा बुवा सामान्य लोगो को अंधश्रद्धा में फसाते है,इस कार्यक्रम के समापण में आद.राजकपुर कामडे-शकंरराव शेषकरजी राज्य शाखा के सचिव इन्होंने शुभकामनाएं दी,शिविरार्थियों ने अपने मनोगत देते हुए बताए कि संस्था के इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर निरंतर होने से बाबासाहेब का सम्यक संकल्प शीघ्र ही पूरा हो सकेगा और समाज शीलवान नीतीवान बनेगा।इस कार्यक्रम के अध्यक्ष बैतूल जिला शाखा के अध्यक्ष एड.नामदेव नागलेजी एवं उनकी पूरी टीम ने कार्यकम को सफल बनाने के लिए मेहनत की,जिसमें आद.तुलाराम चौकीवर . काशीनाथ वाघमारे.नालदांताई शेषकर.तोबुजी हुरमाडे के एल चौकीकर.प्रेमलाल आबुंलकर.वर्षाताई नागले.प्रमीला पाटील.प्रकाश उबनारे,डी पी चौकीकर.सहदेव पाटील.बी डी पाटील,एम एल पाटील आदि जिला शाखा के पदाधिकारी कार्यकर्ता ने कडी मेहनत करके सफल बनाया,उक्त जानकारी राजकपूर कामडे प्रदेश सचिव द्वारा दी गई।

